डॉ. रेखा माहेश्वरी एवं डॉ. संजय माहेश्वरी ने दीक्षारंभ पाठ्यचर्या में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को सम्बोधित किया

दिनांक : 20 नवम्बर, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्य धाम सोनबरसा गोरखपुर में गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, आयुर्वेद कालेज के नवप्रवेशित बीएएमएस विद्यार्थियों के पंचदशदिवसीय दीक्षारम्भ पाठ्यचर्या के समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय माहेश्वरी ने कहा कि आपका चिकित्सा विज्ञान में स्वागत है। आपको बहुत पढ़ना पड़ेगा, दीक्षा पाठ्यचर्या के दौरान विभिन्न अतिथि व्याख्यान ने आपके शैक्षणिक यात्रा में एक अच्छी नींव रखने का कार्य किया है। भगवान कि सबसे अच्छी रचना मनुष्य है। आपको ईश्वर के उस सबसे अच्छी कृति के चिकित्सा सेवा के लिए चुना गया है। आज नवप्रवेशित विद्यार्थियों द्वारा दीप प्रज्जवलन अपने अन्तर्मन को प्रज्ज्वलित करने जैसा है। यह आपके जीवन को प्रकाशित करेगा।

कैंसर सर्जन डॉ. रेखा माहेश्वरी ने सभी विद्यार्थियों को चिकित्सा क्षेत्र में चयनित होने के लिए बधाई और आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल बाजपेई ने कहा कि आपको ईश्वर ने एक विशिष्ट कार्य के लिए चुना है। जिसे मानवता की सेवा कहते हैं। चिकित्सा सबसे बड़ा सेवा धर्म है। ऐसी आशा है कि आप आरोग्य धाम में चिकित्सा ज्ञान प्राप्त करके पूरे विश्व को आरोग्य धाम बनाएंगे। आप को आत्मनिर्भर बन कर रोजगार प्रदान करने वाला बनना होगा। एलन मस्क का उदाहरण देते हुए कहा कि आपको नए टेक्नोलॉजी को सीखते हुए अपनी स्वयं कि एक नई विधा बनानी होगी। तभी आप दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना पाएंगे।

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) सुरिन्दर सिंह ने कहा कि बीएएमएस और एमबीबीएस विद्यार्थियों को मिलकर कार्य करना होगा। आपको केवल चिकित्सकीय प्रमाण पत्रों के लिए ही नहीं ज्ञान के लिए पढ़ना होगा। आप सभी भविष्य में देश के नेतृत्वकर्ता हैं। आपको गुणवत्ता युक्त चिकित्सीय ज्ञान प्राप्त करना होगा। अपने अध्ययन के दौरान शोध और अनुसंधान को भी बढ़ावा देना होगा। पन्द्रह दिवसीय दीक्षा पाठ्यचर्या एक बड़े अध्याय का आरंभ है। सफल होने का एकमात्र तरीका समग्र दृष्टिकोण है। आप आरोग्य धाम में हैं। आरोग्य प्रदान करने के लिए स्व जीवन समर्पित करना होगा। यही राष्ट्र की सच्ची सेवा होगी।

कार्यक्रम का संचालन बीएएमएस छात्रा कोमल और नितेश ने किया। कुलगीत गायन आशीष चौधरी ने किया। आयुर्वेद कालेज के प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम, एमबीबीएस के प्राचार्य डॉ. अरविन्द कुशवाह ने सभी अतिथियों और कुलपति जी का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. देवी नायर ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. प्रदीप राव सहित डॉ. विनम्र शर्मा, डॉ. राजेश बहल, डॉ. साध्वी नन्दन पाण्डेय, डॉ. दीपू मनोहर, डॉ. मिनी, बीएएमएस और एमबीबीएस के सभी नव प्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहें।